**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या :- 28 / 02/कम्प्यू.अनु.(बारह)/2019-2020/03-परीक्षा/2018**

लखनऊ : दिनांक : 28 सितम्बर, 2020

## आवश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या- 03-परीक्षा/2018, अधीनस्थ कृषि सेवा (वर्ग-3) प्राविधिक सहायक ग्रुप-"सी"(सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2018 द्वारा विज्ञापित निदेशक कृषि, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नियंत्रणाधीन अधीनस्थ कृषि सेवा (वर्ग-3) प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी के कुल रिक्त 2059 पदों के सापेक्ष लिखित परीक्षा के आधार पर अंतिम चयन हेतु अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण हेतु अर्ह पाये गए अभ्यर्थियों के परिणाम से संबन्धित आयोग की सूचना संख्या- 27/ 02/कम्प्यू.अनु.(बारह)/2019-2020/03-परीक्षा/2018, दिनांक –18-09-2020 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आयोग की उक्त सूचना दिनांक 18-09-2020 के क्रम में अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण हेतु अर्ह पाये गए समस्त 2059 अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनके अभिलेखों का परीक्षण/सत्यापन दिनांक 08-10-2020 से 29-10-2020 तक प्रत्येक दिन तीन पालियों (प्रथम पाली प्रातः 10:00 बजे, द्वितीय पाली मध्यान्ह 12:00 बजे व तृतीय पाली अपराह्न 03:00 बजे) में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, पिकप भवन, तृतीय तल, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ स्थित कार्यालय में किया जायेगा।

3- उक्त अभिलेख परीक्षण/ सत्यापन से संबन्धित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनके Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गए है। संबन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट- upsssc.gov.in के Homepage पर उपलब्ध Examination/Interview Segment के अंतर्गत Download Document Verification Letter पर क्लिक कर, वांछित प्रविष्टियां अंकित कर, आगे की प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत ही अपने Document Verification Letter व अन्य 04 प्रपत्र Download कर सकेंगे।

4- संबन्धित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि उनके शैक्षिक अभिलेखों का परीक्षण नहीं हुआ है, अभिलेख परीक्षण/ सत्यापन के समय गहनता से सभी मूल अभिलेखों का परीक्षण किया जायेगा। अतः अभिलेख परीक्षण/ सत्यापन हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की मूल प्रति एवं छायाप्रतियों के साथ ही डाऊनलोड किये गए 04 प्रपत्रों को प्रिंट कर व भरकर, निर्धारित तिथि व समय पर अभिलेख परीक्षण/ सत्यापन हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

**5- यह भी सूच्य है कि कोविड-19 महामारी अथवा अन्य किसी उचित कारण से, यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को अभिलेख परीक्षण हेतु अनुपस्थित रहता है, तो आयोग की अनुमति के उपरांत उसे दिनांक 29-10-2020 को द्वितीय अथवा तृतीय पाली में उपस्थित होने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों को अन्य कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।**

6- उक्त अभिलेख परीक्षण/ सत्यापन से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को यह भी निर्देशित किया जाता है कि कोविड-19 महामारी प्रोटोकॉल के दृष्टिगत अभिलेख परीक्षण/ सत्यापन हेतु उपस्थित होने से पूर्व निम्नलिखित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें। आयोग के निर्देशों का उल्लंघन करने अथवा अनुशासनहीनता की स्थिति में आयोग द्वारा अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त किया जा सकता है –

i- अभ्यर्थी अभिलेख परीक्षण/ सत्यापन हेतु आयोग में आने से पहले अपने मोबाइल में आरोग्य सेतु ऐप, यदि अभी तक डाऊनलोड न किया गया हो, तो अवश्य डाऊनलोड कर लें व आरोग्य सेतु ऐप में अपने स्वास्थ्य से संबन्धित सही-सही जानकारी अपडेट करें।

ii- अभिलेख परीक्षण/ सत्यापन हेतु आने वाले अभ्यर्थी सूचना के साथ संलग्न किए गये स्व-घोषणा पत्र को प्रिंट कर, अपना विवरण भरकर, उसे अपने साथ अवश्य लाएं।

iii- अभिलेख परीक्षण/ सत्यापन हेतु आने वाले अभ्यर्थियों को आयोग कार्यालय परिसर में फेस कवर/मास्क पहनकर आना अनिवार्य है। अभ्यर्थी फेस कवर/मास्क पहनकर ही आयोग कार्यालय में प्रवेश करेंगे।

iv- अभ्यर्थी आयोग परिसर में प्रवेश करने से पूर्व सर्वप्रथम निर्धारित स्थान पर हस्त प्रक्षालन के उपरांत कोविड हेल्प डेस्क पर रिपोर्ट करेंगे। कोविड हेल्प डेस्क पर अभ्यर्थी पूर्ण विवरण सहित अपना स्व-घोषणा पत्र प्रस्तुत करेंगे, जहां थर्मल स्कैनर से उनका तापमान चेक किया जायेगा, पल्स ऑक्सीमीटर से ऑक्सीजन स्तर की जांच की जाएगी। आरोग्य सेतु ऐप के अनुसार उनके कोविड रिस्क की स्थिति की प्रविष्टि स्व-घोषणा पत्र पर की जाएगी।

v- बुखार, खांसी, गले में ख़राश, सांस लेने में तकलीफ लक्षण वाले अभ्यर्थियों को अभिलेख परीक्षण/ सत्यापन हेतु प्रवेश नहीं दिया जाएगा। ऐसे अभ्यर्थियों का अभिलेख परीक्षण/ सत्यापन वैकल्पिक तिथि 29-10-2020 को किया जाएगा।

vi- अभ्यर्थी अपने साथ केवल शैक्षिक अभिलेख एवं अन्य प्रपत्र एक पतले फोल्डर में लेकर आएंगे। अभ्यर्थी अपने पीने हेतु पानी की बोतल साथ रख सकते है।

vii- अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे सेनिटाइजर, मास्क, सोशल डिस्टेन्सिंग एवं कोविड- प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करेंगे, आपस में एक- दूसरे से 6 फीट की दूरी बनाये रखेंगे, खाँसते या छींकते समय टिश्यू पेपर/रुमाल से मुँह और नाक को ढ़कना सुनिश्चित करेंगे व प्रयुक्त टिश्यू पेपर को डस्टबिन में ही डालेंगे। कार्यालय परिसर में इधर-उधर थूकना पूर्णतया वर्जित है।

संलग्नक- स्व-घोषणा पत्र।

28/09/2020

(आशुतोष मोहन अग्निहोत्री)
सचिव।

**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,लखनऊ।**

विज्ञापन संख्या–03–परीक्षा/2018

अधीनस्थ कृषि सेवा (वर्ग–3) प्राविधिक सहायक ग्रुप–'सी' (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा, 2018

## स्व घोषणा–पत्र

अनुक्रमांक– ...............................................

अभिलेख सत्यापन तिथि– .....................................

01–मैंने अपने मोबाइल में आरोग्य सेतु एप्प डाउनलोड/अपडेट किया है।

02–मेरे द्वारा आरोग्य सेतु एप्प में सही–सही विवरण के साथ स्व मूल्यांकन किया गया है तथा आरोग्य सेतु एप्प के अनुसार मैं सुरक्षित/लो रिस्क/हाई रिस्क* की श्रेणी में हूँ।

03–मैं मास्क, हैण्ड सेनेटाइजर का प्रयोग कर रहा हूँ और मेरे पास पानी की बोतल है।

04–मैं खांसी, बुखार, सांस लेने में दिक्कत, गंध या स्वाद की हानि जैसे लक्षण का अनुभव नहीं कर रहा हूँ।

05–मैं आयोग परिसर/कार्यालय में अनावश्यक विचरण नहीं करूँगा और न ही यत्र–तत्र थूकूँगा।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर.................................

पंजीकरण संख्या......................................

*जो लागू न हो, उसे काट दिया जाए।

प्रभारी, कोविड हेल्प डेस्क द्वारा भरा जाए–

01–परीक्षण की तिथि .................................... व समय ............................

02–अभ्यर्थी के शरीर का तापमान–.............................

03–अभ्यर्थी का ऑक्सीजन स्तर–..............................

हस्ताक्षर........................................................

नाम प्रभारी ...................................................

**प्रभारी, कोविड हेल्प डेस्क**

टेबल सं0

| |
|---|
| |